INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION

Co-ordinating Staff: JyothyiG
Subject: Hindi (Second Language) **Worksheet No: 5**
Date of Issue: __-6-18 **Signature of Teacher:**

Name__________________________ Roll No ________ Class & Sec: 8 _

मुहावरे

- **कुछ मुहावरे और उसके अर्थ-**

1	अंधे की लाठी	एकमात्र सहारा
2	अंग-अंग ढीला होना	बहुत थक जाना
3	अगर मगर करना	टाल मटोल करना
4	ईंट का जवाब पत्थर से देना	दुष्ट से दुष्टता करना
5	अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना	अपनी प्रशंसा स्वयं करना
6	एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाना	खूब दौड़ धूप करना
7	कफ़न सिर पर बाँधना	मरने के लिए तैयार रहना
8	गाँठ बाँधना	अच्छी प्रकार याद रखना
9	घी के दिए जलाना	खुशियाँ. मनाना
10	चिकना घड़ा होना	बेअसर होना
11	कान भरना	चुगली करना
12	टेढ़ी खीर	कठिन कार्य
13	पीठ दिखाना	हारकर भागना
14	बाल-बाल बचना	दुर्घटना होते-होते बच जाना
15	सूर्य को दीपक दिखाना	प्रसिद्ध व्यक्ति का परिचय देना

- **दिए गए मुहावरे के लिए उचित अर्थ पर ✓ का निशान लगाइए।**

1 'आस्तीन का साँप होना' का अर्थ है- क)सच्चा मित्र ☐ ख)धोखेबाज़ मित्र ☐
ग) दूर का मित्र ☐ घ)करीबी मित्र ☐

2 'काया-पलट होना' का अर्थ है- क) बीमारी से स्वस्थ होना ☐ ख)कुसंगति में पड़ना ☐
ग) भारी परिवर्तन होना ☐ घ)बुरी आदतें छोड़ देना ☐

3 'निन्यानवे के फेर में पड़ना' का अर्थ है- क)धन बटोरना ☐ ख)धनवान होना ☐
ग) धन बटाना ☐ घ)धन बढ़ाने की धुन ☐

4 'तिनके का सहारा होना' का अर्थ है- क)सहायता लेना ☐ ख)अधिक सहायता लेना ☐
ग) अधिक सहायता बटोरना ☐ घ)थोड़ी मदद ही बहुत होना ☐

5 'बाल भी बाँका न होना' का अर्थ है- क)स्तब्ध रह जाना ☐ ख)हमेशा युवा बने रहना ☐
ग) कुछ भी असर न पड़ना ☐ घ)कुछ भी न बिगड़ना ☐

- **नीचे लिखे मुहावरों में अनुपयुक्त शब्द काटकर उपयुक्त शब्द लिखिए।**

1 तेल के दिए जलाना ____________________

2 अंधे का डंडा ____________________

3 चिकना बरतन होना ____________________

4 ईंट का उत्तर पत्थर से देना ____________________

5 कफ़न कमर पर बाँधना ____________________

6 पेट दिखाना ____________________

- **नीचे लिखे वाक्यों में उचित मुहावरे भरिए।**

1 एम .बी.बी. एस. में चयनित होना ____________________ हो गया है।

2 जब भैया विदेश से इंजीनियर की डिग्री लेकर आए तो घर पर ____________________।

3 महात्मा गांधी के बारे में कुछ कहना ____________________ के बराबर है।

4 मुहल्ले की बुढ़ियाँ करती-धरती कुछ नहीं पर एक-दूसरे के विरुद्ध ____________________ ।

5 स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में क्रांतिकारी सिर पर ____________________ निकलते थे।

6 आजकल के बच्चे ____________________ हैं क्योंकि उन पर किसी बात का कोई असर नहीं होता।

8 मेरी बात को ____________________ लो कभी गलत रास्ते पर मत जाना।

9 मैंने राजदीप से उधार के रुपए वापस माँगे, तो वह ____________________ लगा।

10 अन्य संतानों की मृत्यु के बाद अब तो केशव ही अपने माँ-बाप के लिए ____________________ है।

11 आज सुबह से रात तक इतनी दौड़ धूप की है कि मेरा ____________________ ।

- **दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर उससे अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।**

1 ईंट का जवाव पत्थर से देना - ____________________

____

2 बाल-बाल बचना - ____________________

____